## एक नजर में

### सीएम हेल्पलाइन में निराकरण नहीं करने पर नोटिस

**राजगढ़ 08 जनवरी, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 31 दिसम्बर को सीएम हेल्परलाईन में 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई थी जिसमें खाद्यान्न वितरण, नाम जोडने एवं अन्यल केटेगिरी की शिकायतें जो कि वर्तमान में एल 3 पर 50 दिवस से अधिक समय से लंबित है जिनका प्रभारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जीरापुर रामप्रताप सिंह गौड़ एवं कम्यूबित टर आपरेटर जीरापुर (आउटसोर्स) अंकित शर्मा द्वारा विधिवत निराकरण दर्ज नहीं किए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया. उक्त 12 शिकायतें 50 दिवस से अधिक समय तक लंबित होने तथा उक्ता प्रकरणों में प्रभारी कनिष्ठत आपूर्ति अधिकारी जीरापुर श्री गौड़ एवं कम्यूी टर आपरेटर जीरापुर (आउटसोर्स) श्री शर्मा द्वारा समीक्षा नहीं की जाकर संतुष्टिपूर्ण जवाब अंकित न करना शासकीय कार्य के प्रति घोरलापरवाही प्रदर्शित करता है अत अपना स्पष्टीकरण 03 दिवस में समक्ष में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए.

### हिन्दू सम्मेलन के पूर्व निकली वाहन रैली

**नरसिंहगढ़ 08 जनवरी, सं.** आगामी भव्य हिन्दू सम्मेलन के पूर्व नगर में आज विशाल वाहन रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. रैली के दौरान नगर भारत माता की जय के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण देशभक्ति व धार्मिक उल्लास से भर गया. वाहन रैली स्थानीय स्टेडियम से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई. युवाओं में खासा जोश देखने को मिला, जिन्होंने हाथों में ध्वज लेकर अनुशासित ढंग से रैली में सहभागिता की. आयोजन समिति के अनुसार रैली का उद्देश्य आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने वाले भव्य हिन्दू सम्मेलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है. समिति ने सफल रैली के लिए सभी युवाओं एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है.

### स्थानांतरण पर दी विदाई

**झाडला 08 जनवरी, सं.** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाडला मे पदस्थ घनश्याम शर्मा (माध्यमिक शिक्षक) का स्थानांतरण जामोनिया जोहार हो जाने पर शिक्षको और ग्रामीण जन द्वारा विधालय मे कार्यक्रम आयोजन करके बिदाई दी. सर्व प्रथम माँ सरस्वती की पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की. तत्पश्चात शिक्षक शर्मा को शाल, श्री फल और माला पहना कर बिदाई दी गई. शिक्षक शर्मा दिसम्बर 2023 मे इंग्लिश विषय मे पदस्थ हुए थे. इस मोके पर शिक्षक ब्रजेन्द्र देरवाल ने कहा की आपके कार्यकाल को बच्चे ओर सटाफ साथी हमेशा याद करेंगे. आपके द्वारा सभी कार्य बेहतर ढँग से किये गए है. आपके कुछ समय के कार्यकाल मे बच्चों का हित किया गया. इस मोके पर रवि देरवाल मण्डल अध्यक्ष झाडला,शिक्षक प्रकाश उपाध्याय, हरिनारायण भिलाला, कमल मालवीय, तृप्ति बैरागी,निकेश परिहार, उत्तम राजपूत, कांति टेलर, सुषमा मिश्रा, विशाल चंद्रवंशी, पंकज कुशवाह, रामनाथ सिसोदिया, कविता यादव विकास मालोनीय, जीतेन्द्र आदि उपस्थित रहे.

# तलेन को सिर्फ 1 साल के लिए मिली लेडी डॉक्टर

## स्थायी बंदोबस्त करने में नाकाम जिम्मेदार, आज संभालेंगी चार्ज, भोपाल गांधी मेडिकल कॉलेज से हुई नियुक्ति

**तलेन अस्पताल में वर्तमान में एक डॉक्टर, एक नर्स और एक अन्य महिला स्टाफ के भरोसे स्वास्थ्य सुविधाएं संचालित हो रहीं**

नवभारत न्यूज

**तलेन 08 जनवरी, सं. अस्पताल में स्टाफ की कमीं से जूझ रहे तलेन नगर के जख्मों पर एक साल के मरहम की व्यवस्था चिकित्सा विभाग द्वारा कर दी गई है. इस खबर से लोग शुरू तो हैं लेकिन इस मियादी व्यवस्था के एक साल बाद क्या होगा ये कोई नहीं जानता. तलेन अस्पताल को एक लेडी डॉक्टर मिल गई है. लेकिन यह व्यवस्था एक साल के लिए की गई है. बीते दिनों इस बात को उठाने के बाद नागरिकों की ओर से भी मांग की जा रही थी. जनप्रतिनिधि जहां तलेन नगर के लोगों के दर्द से बेखबर है वहीं जिम्मेदार अधिकारियों ने जैसे-तैसे एक चिकित्सक की यहां व्यवस्था कर दी है.**

उल्लेखनीय है कि तलेन के प्राथमिक अस्पताल में चिकित्सा स्टॉफ का भारी अभाव है. करीब 50 से 60 हजार की आबादी, 20 किमी के दायरे में चार दर्जन से अधिक गांवों के स्वास्थ्य का प्रतिनिधित्व करने वाले तलेन को आजादी के 77 साल बाद भी व्यवस्थित अस्पताल और स्टाफ नहीं मिल सका 1948 में मिले भवन में अस्पताल आज भी आधी अधूरी सुविधाओं के साथ संचालित हो रहा है.

### तलेन के दर्द को कम करने के लिए 1 साल का मियादी उपचार



#### अपग्रेड नहीं होगा, तब तक नहीं मिलेंगी सुविधाएं

अस्पताल में स्टाफ नहीं मिलने के पीछे तकनीकि कारण इसका सिविल अस्पताल के रूप में अपग्रेड नहीं होना भी माना जा सकता है. क्योंकि अभी यह आरोग्य केन्द्र है. यदि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि इसके सिविल अस्पताल बनाने के लिए प्रयास करें तो स्वत: ही स्टाफ मिल सकता है. 5 अक्टूबर 2023 को यहां 14 करोड़ की लागत से स्वीकृति आधुनिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन हुआ लेकिन उसकी फाईल मानों जैसे दफन कर दी गई है. अस्पताल बनाने के लिए एक छात्रावास भवन को तोड़ दिया गया लेकिन उस खाली जगह पर भी अस्पताल यानी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का काम शुरू नहीं हो पाया है. प्रसूति और अन्य गंभीर मामलों में मरीजों को सिर्फ रेफर किया जा रहा है. विभाग के शीर्ष अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है और जनप्रतिनिधि भी बेसुध है.

#### एमबीबीएस सोना चौहान एक साल के लिए पदस्थ, आज पहुंचेंगी तलेन

तलेन अस्पताल में आज गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल से एमबीबीएस डॉक्टर सोना चौहान चार्ज संभालेंगी. वे यहां एक वर्ष के लिए नियुक्त की जा रही है. सोना चौहान की नियुक्ति के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने जानकारी दी. वर्तमान में तलेन के अस्पताल में एक डॉक्टर पदस्थ है. वहीं एक अन्य महिला स्टाफ़ की तैनाती भी है. एक नर्स है जो नर्सिंग ड्यूटी संभालती है. तलेन क्षेत्र में प्रसूति रोग विशेषज्ञ नहीं है इसलिए प्रसूति के केस बाहर रेफर हो रहे है. ऐसे में समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती यहां की जानी चाहिए. उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में तलेन का सिविल अस्पताल में उन्नयन हो, भवन मिले और पर्याप्त स्टाफ भी मिले जिससे क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सके.

#### तलेन प्राथमिक अस्पताल में स्वीकृत पदों की स्थिति

- नर्सिंग स्टाफ 6 पद मंजूर, 1 की तैनाती
- चिकित्सक के 4 पद मंजूर, 1 की तैनाती
- फॉरेंसिक 2 पद मंजूर, एक भी तैनात नहीं
- ऑपरेटर 2 पद मंजूर, 1 की तैनाती
- प्रसूति के केस बाहर रेफर हो रहे हैं.

#### भविष्य में और सुविधाएं दिलाएंगे तलेन को

अभी हमने एक महिला चिकित्सक की तैनाती तलेन में की है. यहां स्टाफ की कमीं है. गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल से सोना चौहान को पदस्थ किया जा रहा है. ये एक वर्ष के लिए है. हमारा प्रयास है कि आने वाले समय में और स्टाफ की तैनाती करने जा रहे है.

**डॉ शोभा पटेल**
**सीएमएचओ, राजगढ़**

## 30 जुलाई तक दो बांधों में जलदोहन प्रतिबंधित

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 08 जनवरी, का.** जिले में इस वर्ष अल्पवर्षा होने के कारण पार्वती नदी पर निर्मित परसाना बैराज एवं घोड़ापछाड़ नदी पर निर्मित बांकपुरा बांध में जल भराव कम हुआ है. उक्त दोनों जल संरचनाओं के जल स्त्रोत से मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा क्रमशः पहाड़गढ़ (77 ग्राम) एवं बांकपुरा-कुशलपुरा (125 ग्राम) समूह जल प्रदाय योजनाओं का संचालन किया जा रहा है. वर्तमान में कम जल भराव की स्थिति एवं दोनों संरचनाओं से कृषि कार्यों हेतु जल के अत्यधिक दोहन को दृष्टिगत रखते हुए आगामी ग्रीष्मकाल में कुल 202 ग्रामों में पेयजल संकट उत्पन्न होने की संभावना है. उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरिश कुमार मिश्रा द्वारा पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 4 के अंतर्गत पार्वती नदी पर निर्मित परसाना बैराज से अपस्ट्रीम क्षेत्र में 2 किलोमीटर तक तथा घोड़ापछाड़ नदी पर निर्मित बांकपुरा बांध के संपूर्ण क्षेत्र में सिंचाई अथवा अन्य औद्योगिक प्रयोजनों हेतु जल के दोहन पर 30 जुलाई, 2026 तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा.

## कार की टक्कर से किसान की मौत, हाईवे किया जाम

### कार चालकों से मारपीट की, एक अन्य ग्रामीण रेफर



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 08 जनवरी, का. ब्यावरा के समीप ग्राम पीपलबे आश्रम के पास एक ग्रामीण की कार की चपेट में आने से मौत हो गई. ग्रामीण गायों को हाईवे से एक ओर कर रहा था उसी दौरान हादसा हुआ. हादसे में एक अन्य ग्रामीण के घायल होने का भी समाचार है. ग्रामीण की मौत के बाद वहां मौत अन्य लोगों ने कार में सवार लोगों की पिटाई की और आक्रोशित हो हाईवे पर जाम लगा दिया. काफी देर तक हाईवे जाम रहा और दोनो तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई.**

जानकारी के अनुसार पीपलबे निवासी भगवान सिंह गायों को हाईवे से दूर कर रहे थे. उसी दौरान सामने से आ रही कार क्रमांक एमपी 04 -1214 की चपेट में आ गया. ग्रामीण की मौत हो गई. उसी दौरान हाईवे पर मौजूद अन्य ग्रामीणों ने गुस्से में कार चालक सहित अन्य सवार लोगों की पिटाई कर दी. मौके पर कार पलटी हुई मिली. इसके साथ ही ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया. घटना की जानकारी मिलने पर देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची. घायलों को अस्पताल भेजा. वहीं जाम की स्थिति के बाद पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया इसके बाद देर रात 9 बजे यातायात सुचारू हुआ.

### मां की बगिया देखने पहुंचे अधिकारी

**नवभारत न्यूज, पडाना 08 जनवरी, सं.** मां की बगिया, महिलाओं की आमदनी बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्व सहायता समूह की महिलाओं को निजी जमीन पर फलदार पौधे लगाने, तार फेंसिंग के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है. गुरुवार जिला जनपद सीईओ डॉक्टर इच्छीत गढ़वाले ने ग्राम पंचायत मऊ में स्वीकृत 5 मां की बगिया का निरीक्षण किया.

## हाईवे पर चैकिंग के दौरान पिकअप से सागौन के 20 लट्ठे जब्त किए

**नवभारत न्यूज, सुठालिया 08 जनवरी, सं.** थाना पुलिस टीम को रात्रि वाहन चैकिंग के दौरान अवैध रूप से सागौन की लकडियों को जंगल से काटकर चोरी कर परिवहन करते हुये पकडने में सफलता प्राप्त हुई. बुधवार 7 जनवरी को रात्रि में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चैकिंग के दौरान मधुसुदनगढ रोड़ तरफ से आ रही एक पिकअप को फोर्स की मदद से रूकवाकर चेक किया तो चैकिंग के दौरान पिकअप वाहन नंबर आरजे 17 जीए 6483 में 20 नग गोल लकडियां भरी पायी गयी. जिनके संबंध में वाहन चालक से नाम पता पूछा तो अपना नाम भूरालाल पिता फूलसिंह तंवर उम्र 23 साल निवासी खातीकापुरा छोड़लिया थाना मनोहर थाना जिला झालावाड, राजस्थान का होना बताया व चालक के पास बैठे उसके साथी भगवान सिंह पिता रामचरण तंवर उम्र 20 साल निवासी खातीकापुरा छोडलिया थाना मनोहर थाना जिला झालावाड, राजस्थान व दूसरे ने अपना नाम हरिसिंह पिता प्रेमसिंह तंवर उम्र 25 साल निवासी सेमलीभोज थाना चाचौडा जिला गुना के होना बताया. वन विभाग के वनपाल जगदीश सिंह हाडा को सूचना से अवगत कराकर मऊ तिराहा पर तलब किया जो कुछ देर में मऊ तिराहा पर उपस्थित आया. वनपाल जगदीश सिंह हाडा के समक्ष पिकअप वाहन को चेक किया तो पिकअप में पीछे हरे रंग की मेटी के नीचे 20 नग सागौन की गोल लकडियां भरी पायी गयी. वनपाल जगदीश सिंह हाडा ने अपने अनुभव के आधार पर उक्त लकडियां सागौन की होना बताया. वन विभाग के अनुसार उक्त लकडी सागौन होना पाई गई जिनकी अनुमानित कीमत 72000 तथा जप्त पिकअप की कीमत 5 लाख आंकी गई है. आरोपीगणों द्वारा अवैध रूप से सागौन की चोरी एवं परिवहन किया जाना पाए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया.

## बच्चों ने कबड्डी के मुकाबले में किए दो-दो हाथ

**नवभारत न्यूज, पचोर 08 जनवरी, सं.** शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में खेलकूद एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का समापन अत्यंत रोमांचक कबड्डी प्रतियोगिता के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ. अंतिम चरण में खेले गए मुकाबलों ने खेल परिसर को जोश, उल्लास और तालियों की गूंज से भर दिया. विद्यार्थियों ने अनुशासन, साहस और खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय देते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर दिनेश गोयल, दीपक गोयल, प्रणव गोयल एवं प्राचार्य मनोहर बैरागी द्वारा माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया. कार्यक्रम में भाजपा नेता संतोष अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही. विभिन्न आयु वर्गों में हुए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमखम, रणनीति और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया.



### कोटरीकलां में हिन्दू सम्मेलन 18 को

**झाडला 08 जनवरी, सं.** ग्राम कोटरी कलां मे विशाल हिन्दू सम्मेलन 18 जनवरी को रखा गया है. गांव में सम्मेलन के लिए 12 जनवरी 2026 सोमवार धर्म धवजा की पूजन और स्थापना होगी. स्थान हीरामन बाबा कोटरी कलां कालौनी से प्रारम्भ होकर श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर डावरी मैदान कोटरी कलां विशाल धर्म सभा होगी. जिसमें संतो का मार्गदर्शन और प्रवचन सुनने को मिलेगा. कोटरी कलां मंडल मे कोटरी कलां के अलवा आंवली, झूमका, हिकमी, सूकल्या, पिपलिया जीया आदि गांव के ग्रामीण भी सामिल होंगे.

### पीडीएस दुकान संचालक के विरूद्ध मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 08 जनवरी, का.** शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम डोरियाखेड़ी में खाद्यान्न वितरण में गंभीर अनियमितता के मामले में पूर्व विक्रेता रघुनन्दन शर्मा के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है. कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुश्री अस्मिता गुप्ता द्वारा थाना भोजपुर में प्रस्तुत आवेदन के आधार पर आरोपी द्वारा खाद्यान्न सामग्री का अधिकृत उपभोक्ताओं को वितरण न कर अन्यत्र विक्रय एवं खुर्दबुर्द किया जाना पाया गया.

## अंतत: टिटोड़ी में पेयजल की व्यवस्था करने पहुंचे

### नवभारत ने किया था समस्या पर खबर का प्रकाशन



इंदौर हादसा : जिले को सबक लेने की जरूरत

नगर सहित जिले में अनेक जगह पर दूषित पानी पीने को मजबूर लोग

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 08 जनवरी, का.** गुरुवार को पीएचई कार्यपालन यंत्री आर एल सेकवार, एसडीओ श्री गौंड और इंजीनियर फूल कुमार दुबे ग्राम टीटोड़ी पहुचे और ग्रामीणों से चर्चा की. वही बोर के लिए स्थान चयन किया. ईई शेकवार ने ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया. जिसके बाद बोर हेतु मशीन चालू करवाई गई. गुरुवार को ग्राम टीटोड़ी पीएचई के अधिकारी पेयजल के लिए बोर करने का स्थान चयन किया गया और जिसके बाद मशीन से बोर शुरू करवाया. **मामले में नवभारत ने 3 जनवरी को समाचार प्रकाशित किया था.** इसके बाद कलेक्टर द्वारा जिले भर में दिए जा रहे निर्देशों के बीच विभाग ने टिटोड़ी पहुंचकर बोर की व्यवस्था की.

## सड़क किनारे पोल सीधे किए, दरारें जस की तस

### नवभारत इम्पैक्ट : खबर के बाद जागे जिम्मेदार



बनते ही उधड़ने लगी 65 करोड़ की सड़क

सीसी और डामर बिछाकर भूली निर्माण एजेंसी, साइडें खराब चटकने लगा सीसी रोड

बिजली के पोल झुके, साइडों पर झूल रहे तार

**नवभारत न्यूज, तलेन 08 जनवरी, सं.** नगर तलेन से पडाना-मऊ सड़क का निर्माण गोडेक कंपनी द्वारा 65 करोड रुपए से सड़क निर्माण में कई अनियमिताएं देखी जा रही है. रोड निर्माण पूर्ण नहीं हुआ जहां रोड बना वहां दरारे पढ़ने लग गई. कहीं-कहीं डामर वाले रोड पर दरारें पढ़ने के बाद फिर दरारे को डामर से रिपेयरिंग किया गया परंतु वहां भी नहीं टिक पाया रोड, नगर के दोनों ओर की नालियां अभी तक नहीं बनी रोड से सटे निवासियों को अभी इसी वर्ष वर्षा ऋतु में कई परेशानियों का सामना करना पड़ा रोड निर्माण में आने वाले गांव के लोगों द्वारा रोड में हो रही अनियमितताएं खुले भ्रष्टाचार के बारे में जवाबदार अधिकारियों को अवगत कराया परंतु सुधार नहीं हुआ जो कई प्रश्नों को जन्म देता है. ग्रामीणों का तो यह भी आरोप है कि सारा खेल लेनदेन का है आजकल भ्रष्ट अधिकारी है तो कौन कार्रवाई करेगा नगर तलेन की नालियां कब तक बनेगी नगर वासियों का कहना है कि ठेकेदार मिली भगत से अपना समय निक ल रहा है नालियां नहीं बनाएगा लोगों का तो यहां भी कहना है कि सारंगपुर के ही मंत्री जी है उसके बाद भी उनके ही विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों के भ्रष्टाचार हो रहे हैं क्या उनको दिखाई नहीं दे रहा है शिकायतें भी की परंतु सब रफे दबे हो जाता है. हालांकि प्रोजेक्ट मैनेजर का कहना है कि तलेन में नालियां बनेगी.

#### इनका कहना है

*पोल शिफ्टिंग बुडनपुर से लेकर तलेन तक का अभी स्टीमेट बना रहा है अभी पुराने पोलो को सुधार किया जा रहा है बुडनपुर मैं एक जगह से पाइपलाइन नीचे से क्रॉसिंग हुई है वह समस्या आई है सीसी रोड में कहां पर दरारें आई हैं मुझे बताइए मैं दिखा लेता हूं.*

**दीपक कुमार**
**एसडीओ पीडब्ल्यूडी**
**सारंगपुर**

**कार्यवाही** ▶ टीम के अधिकारी, कर्मचारियों से आरोपी पक्ष ने बदसुलूकी कर सरकारी कार्य में बाधा डाली

## एयर वॉल्व से छेड़छाड़ करने वालों पर कार्यवाही, जुर्माना ठोका



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 08 जनवरी, का. जिले के ब्यावरा ब्लॉक अंतर्गत बांकपुरा कुशलपुरा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के तहत पेयजल पाइप लाइन के एक एयर वॉल्व पर एक आरोपी द्वारा अतिक्रमण कर जल आपूर्ति में बाधा उत्पन्न की जा रही है. जिससे आसपास के गांवों में पेयजल सप्लाई प्रभावित हो रही है. विभाग द्वारा दी गई चेतावनी पर भी आरोपी ने अतिक्रमण नहीं हटाया.**

बाद में कार्यवाही के लिए पहुंची टीम के अधिकारी, कर्मचारियों से भी आरोपी पक्ष में बदसुलूकी कर सरकारी कार्य में बाधा डाली. इस संबंध में जल निगम द्वारा आरोपी पर जुर्माना सहित दंडात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है.

परियोजना प्रबंधक, बांकपुरा कुशलपुरा समूह जल प्रदाय योजना से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बादलखेड़ी निवासी मनोहर सिंह गुर्जर (संचालक, गुरु कृपा होटल, पचोर रोड) द्वारा जल जीवन मिशन के एयर वॉल्व पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से पानी का दोहन किया जा रहा था. इस अतिक्रमण के कारण ग्राम बादलखेड़ी की टंकी (नपलिया खेड़ी) सहित आसपास के तीन ग्राम नपलिया खेड़ी, दामदिया एवं दुल्तारिया की पेयजल आपूर्ति गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है. विभागीय अधिकारियों द्वारा कई बार संबंधित व्यक्ति को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए, किंतु उसके द्वारा न तो अतिक्रमण हटाया गया और न ही सहयोगात्मक रवैया अपनाया गया. उल्टा विभागीय कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जिससे शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई. इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 152 तथा मध्यप्रदेश लोक संपत्ति (नुकसान निवारण एवं वसूली) अधिनियम, 1984 के अंतर्गत आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई प्रस्तावित की गई है.

जल निगम एवं जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शासकीय जल संरचनाओं पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण, जल दोहन या नुकसान पहुँचाने की कार्रवाई सहन नहीं की जाएगी. ऐसे मामलों में दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी.